**Vacancy Ref. No: BIRAC/VAC/146/Dec-2024-CON**

**पद : सह/वरिष्ठ परामर्शदाता – उद्यमिता विकास** **पोस्ट कोड : CON-56**

**कुल पद :** 02 (दो)

**अवधि :** यह नियुक्ति प्रारम्भ में एक वर्ष की अवधि के लिए संविदात्मक है, जिसे कार्यनिष्पादन और संगठनात्मक प्राथमिकताओं के आधार पर बढ़ाया जा सकता है।

**समेकित शुल्क :** समेकित शुल्क सह परामर्शदाता हेतु 75,000/- रुपये एवं वरिष्ठ परामर्शदाता हेतु 1,25,000/- रुपये प्रति माह होगा।

**नौकरी का विवरण:** बाइरैक देश में बायोटेक उद्यमिता की संस्कृति को विकसित करने में सक्षम रहा है। परामर्शदाता को स्पेड टीम के साथ काम करने एवं राष्ट्रीय स्तर पर बायोटेक क्षेत्र में नवाचार तथा उद्यमिता विकास गतिविधियों को बढ़ावा देने एवं मजबूत करने में योगदान करने का अवसर प्राप्त होगा। ।

**रिपोर्टिंग** : व्यक्ति संबंधित कार्यक्रम प्रमुखों के साथ मौलकर कार्य करेंगे एवं आवश्यक रूप से प्रमुख-स्पेड को रिपोर्ट करेंगे।

**मुख्य उत्तरदायित्व :**

- बाइरैक की प्रमुख योजनाओं/कार्यक्रमों, विशेष रूप से बायोटेक इग्निशन ग्रांट (BIG), क्षेत्रीय केंद्रों में योगदान देने के लिए टीम के प्रमुखों एवं भागीदारों के साथ काम करना।
- BIG आवेदकों हेतु मूल्यांकन एवं चयन बैठकों की योजना बनाना एवं उनका संचालन करना; कार्यशालाएँ/बैठकें, उद्यमिता प्रशिक्षण, कार्यक्रम, आदि आयोजित एवं संचालन करना ।
- उपयुक्त संसाधनों, संभावित भागीदारों एवं हितधारकों की पहचान करना; तथा विशेषज्ञ एवं संरक्षक पूल का विस्तार करना।
- उद्यमिता विकास कार्यक्रमों के तर्कसंगत विस्तार एवं पैमाने को बढ़ाने के लिए अंतराल व अवसरों की पहचान करने के लिए आवधिक डेटा विश्लेषण करना।
- संक्षिप्त, सुलिखित विश्लेषणात्मक व्यवसाय एवं तकनीकी दस्तावेज़ तैयार करना।
- डेटा प्रबंधन एवं गतिशील रिपोर्टिंग हेतु ऑनलाइन मॉड्यूल प्रबंधित करना; लाभार्थियों/आकांक्षियों के प्रश्नों का समाधान करना।
- तकनीकी एवं वित्तीय डिलीवरेबल्स का प्रबंधन करना; अनुपालन का पालन करना; समय पर सौंपी गई ज़िम्मेदारियों को पूरा करना।
- सहज सहयोग के माध्यम से टीम के उद्देश्यों एवं लक्ष्यों में योगदान देना।
- आवश्यकतानुसार घरेलू हवाई यात्रा करना।

**अनिवार्य योग्यता :**

लाइफ साइंसेज/फार्मा/बायो-मेडिकल साइंसेज/किसी अन्य संबद्ध जैविक विज्ञान डोमेन में किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से 4 वर्षीय स्नातक/मास्टर डिग्री प्रोग्राम;

अथवा

लाइफ साइंसेज में 3 वर्षीय स्नातक की डिग्री के साथ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन/उद्यमिता/सार्वजनिक नीति/सार्वजनिक स्वास्थ्य में मास्टर डिग्री।

**वांछनीय योग्यता :**

जीवन विज्ञान/अन्य संबद्ध विज्ञान क्षेत्र में पीएचडी।

**अनुभव :**

सह परामर्शदाता :, उत्पाद/प्रौद्योगिकी विकास/निवेश जुटाने में कम से कम 2 साल का अनुभव; जो स्टार्टअप इकोसिस्टम में तकनीकी सलाहकार/निवेशक/सेवा प्रदाता के रूप में शामिल हो और जिसका प्रदर्शन अच्छा रहा हो के साथ योग्यता पश्चात , 3 साल से 10 साल का अनुभव।

वरिष्ठ परामर्शदाता : उत्पाद/प्रौद्योगिकी विकास/निवेश जुटाने में कम से कम 5 साल का उद्योग अनुभव; जो स्टार्टअप इकोसिस्टम में तकनीकी सलाहकार/निवेशक/सेवा प्रदाता के रूप में शामिल हो और जिसका प्रदर्शन अच्छा रहा हो के साथ योग्यता पश्चात 11 से 19 साल का अनुभव

**अधिकतम आयु :**

सह परामर्शदाता : 45 वर्ष
वरिष्ठ परामर्शदाता : 50 वर्ष